तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 10 जनवरी 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



11 कमार बसाहटों को पक्की सड़क से जोड़ने...






12 22 को खत्म होगा 500 साल का ...




# गांव, गली और मोहल्ले के मंदिर भी रोशन होंगे अयोध्या की तरह

## 22 जनवरी को आतिशबाजी, प्रसाद वितरण, भजन संध्या, दीपोत्सव की तैयारी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अयोध्या में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को जिले भर के गांव-गांव और गली मोहल्ले में स्थित मंदिरों को अयोध्या का मंदिर मानकर रामायण, सजावट, आतिशबाजी, प्रसाद वितरण, भजन संध्या, दीपोत्सव की तैयारी की जा रही है। इससे पहले पीएम मोदी की अपील के अनुसार मोहल्लों में स्थित मंदिरों की साफ सफाई के लिए अलग-अलग टोलियां भी तैयार हो रही हैं।

बता दें कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व ही अयोध्या से पहुंचे अक्षत कलश के अक्षत के साथ राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण घर घर पहुंचाए जाने का कार्य लगातार जारी है। इसमें जनप्रतिनिधी भी अपनी सहभागिता दे रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार जिले के प्रत्येक विकासखंड को मंडलों में विभक्त कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

बता दें कि महासमुंद विकासखंड के 12 मंडलों में 17-17 गांवों में प्रत्येक घर में अक्षत और निमंत्रण भेजे जाने की तैयारी है। बता दें कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रदेश सरकार द्वारा स्थानीय अवकाश और शुष्क दिवस घोषित किए जाने से हर्ष का माहौल है।

### पूर्व में भेजी जा चुकी है राशि

राम मंदिर के लिए प्रदेश से तकरीबन 21 करोड़ रुपए की राशि पहले ही भेजी जा चुकी है। इसमें तकरीबन डेढ़ करोड़ रुपए महासमुंद जिले से राम मंदिर के लिए विभिन्न माध्यमों से संग्रहित कर भेजे गए हैं। वहीं चावल भी पहले ही भेजा जा चुका है।



### मुख्य मार्ग में दीप प्रज्ज्वलन की तैयारी

जिला मुख्यालय के ग्राम खरोरा से लभरा तक के मुख्यमार्ग में दीप प्रज्ज्वलन की तैयारी जारी है। साथ ही घरों में पहुंचकर घर-घर दीप जलाए जाने की अपील की जारी है। घरों में दीपक जलाए जाने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा घर घर पहुंचकर दीप और तेल मुहैय्या कराए जाने की भी तैयारी है वहीं आम नागरिकों की मानें तो वे स्वस्फूर्त भी इस कार्य को करने तत्पर हैं।

## खबर संक्षेप



### दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद**। पिथौरा थाना अंतर्गत ग्राम सोनासिल्ली में दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। पहले पक्ष की मालती मार्कंडेय पति गुमान सिंह (33 साल) ने आरोपी भानू सेन व समारु सेन के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं दूसरे पक्ष के समारू सेन पिता कनेश्वर सेन ने मालती मार्कंडेय व गुमान सिंह के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 506, 34 के तहत कार्रवाई की है।

### शराब का परिवहन करते दो लोग पकड़े गए

**महासमुंद**। महासमुंद पुलिस ने जंगल की ओर से शराब के अवैध परिवहन की सूचना पर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बोरियाझर जंगल में दबिश देकर पुरूषोत्तम सारथी पिता देवलाल (45 साल) केशवा एवं उनके साथी को 12375 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 5280 रुपए के साथ गिरफ्तार किया है एवं उन लोगों के पास से बजाज पल्सर कीमत 80000 रुपए एवं होंडा शाईन कीमत 20000 रुपए और बिक्री रकम 400 रुपए जब्त किया गया है। इन आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### चौक के पास शराब बिक्री पर कार्रवाई

**महासमुंद**। ग्राम बेमचा के दुर्गा चौक में शराब बेच रहे युवक पर कार्रवाई की गई है। महासमुंद पुलिस ने चैतराम यादव पिता छोटकू यादव 37 साल के पास से 7200 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 3200 रुपए को जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### महासमुंद रेलवे स्टेशन के सामने से वाहन चोरी

**महासमुंद**। महासमुंद रेलवे स्टेशन के सामने खड़ी एक वाहन चोरी होने का मामला सामने आया है। प्रार्थी सुरेंद्र सिंह ठाकुर पिता आनंदराम ठाकुर (35 साल) ग्राम लभराखुर्द ने पुलिस को बताया कि उसकी एक्टिवा क्र सीजी-12 एबी 6596 कीमत 30000 रुपए को रेलवे स्टेशन के सामने से किसी अज्ञात चोर ने रात करीब 8 बजे चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

### ट्रक की ठोकर से घायल हुए व्यक्ति की मौत

**महासमुंद**। ट्रक की ठोकर से घायल हुए व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ग्राम डोंगरीपाली के डीही टिकरापारा के पास मृतक लक्ष्मण मांझी पिता अमृतलाल मांझी (45 साल) डोंगरीपाली को ट्रक क्रमांक केए-01 एमके 5619 के चालक ने रविवार को लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दिया, जिसे गंभीर चोट आने पर इलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती किया था, जहां उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### हादसे में एक घायल

**महासमुंद**। बागबाहरा में जनपद कॉलोनी के सामने एक व्यक्ति ट्रक की टक्कर से घायल हो गया। प्रार्थिया नेहा सिंह पिता अविनाश सिंह (27 वर्ष) ने पुलिस को बताया कि ट्रक क्र सीजी 04 एनजे 6571 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसके पिता को ठोकर मार दी। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## समस्या: बेचने के इंतजार में डेढ़ माह से रखे धान में सूखत बढ़ने से हानि

# जानवर, चूहे, दीमक के चट करने से हर क्विंटल में किसानों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सरकारी दर पर धान बेचने के लिए किसानों का इंतजार लंबा होने के साथ बेचने के इंतजार में घर या खलियान में रखे रखे धान में सूखत आने से जहां तौल में कमी आ रही है वहीं खुले में रखे धान को जानवर, चूहे या दीमक भी चट कर रहे हैं जिसके कारण किसानों को प्रति क्विंटल तीन से चार किलो का नुकसान हो रहा है। लेकिन, किसानों के पास इंतजार करने के अलावा दूसरा रास्ता भी नहीं है। क्योंकि, बेचना भी चाहें तो बाजार में धान का अधिकतम भाव 2400 रुपए क्विंटल लिया जा रहा है। वहीं, सरकारी दर पर 3100 रुपए मिलेंगे।



बता दें कि इस वर्ष खरीफ सीजन में धान बेचने के लिए जिले के पंजीकृत एक लाख 58 हजार 739 किसानों की भूमि का रकबा 2 लाख 28 हजार 614 हेक्टेयर(5, 64, 676 एकड़) है। लेकिन, ढाई महीना में एक लाख 18 हजार किसानों के 69 लाख क्विंटल खरीदा जा सका है और शेष बचे दिनों में 45 लाख क्विंटल खरीदा जाना है।

हरिभूमि की टीम ने जब इसकी पड़ताल की तो पाया कि समितियों से टोकन जारी करने में मिलीभगत सामने आ रही है। इसलिए, लक्ष्य का आधे से ज्यादा धान की खरीदी होने के बावजूद 40 हजार किसान एक बार भी धान नहीं बेच पाए हैं। ऐसे किसानों को टोकन पाने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ी है। इसके बावजूद टोकन नहीं मिल पा रहा है। वहीं, कई किसान ऐसे भी हैं, जिन्होंने समिति कर्मचारियों से सांठगांठ कर कई मर्तबा धान बेच चुके और आने वाले दिनों में बेचने के लिए आसानी से टोकन भी ले चुके हैं।

### आज के लिए 5166 टोकन जारी

जिले के 182 खरीदी केंद्रों में बुधवार को 5166 किसानों के 2 लाख 75 हजार क्विंटल धान खरीदने के लिए टोकन जारी किया गया है। जबकि, मंगलवार की शाम तक कुल 3163 किसानों से एक लाख 26 हजार क्विंटल धान खरीदा जा चुका था। इसी प्रकार सोमवार को कुल 5748 किसानों से दो लाख 64 हजार क्विंटल धान खरीदा गया।

### नहीं बेच पाए किसानों को प्राथमिकता

जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी जीएन साहू ने बताया कि लिमिट बढ़ाने के लिए मंत्रालय प्रस्ताव भेज दिया गया है। फिलहाल रोजाना 5 हजार से अधिक किसानों से पौने तीन लाख क्विंटल तक धान खरीदा जा रहा है। टोकन जारी करने के लिए उन किसानों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिन्होंने एक बार भी धान नहीं बेच पाए हैं।

# गांजा परिवहन मामले में युवक को 20 वर्ष का कठोर कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद


अवैध रूप से गांजा परिवहन के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश लीलाधर सारथी ने आरोपी ओडिशा के मरसागई थाना क्षेत्र के ग्राम सनगना निवासी 28 वर्षीय संजय सामल पिता सुखदेव सामल को 20 वर्ष के कठोर कारावास और 2 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर 1 वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार कोमाखान थाना के निरीक्षक सिद्धेश्वर प्रताप सिंह 19 जुलाई 2021 को वाहन चेकिंग करने स्टाफ के साथ फारेस्ट नाका टेमरी गए थे, उसी दौरान बोरेलो वाहन क्रमांक एमएच 18 बीजी 5458 आया। चालक से पूछने पर गोलमोल जवाब देने लगा। जब उनसे दोबारा पूछताछ की गई तो पत्ता गोभी और आलू की बोरियों के साथ गांजा होना बताया। साथ ही अपना नाम संजय सामल बताया। गवाहों के समक्ष वाहन की तलाशी लेने पर 15 नग बोरियों में मादक पदार्थ गांजा मिला तथा डाला में बने चेंबर से गांजा मिलने पर तौल कराया गया। जिसमें 7 क्विंटल गांजा बरामद हुआ। एनडीपीएस की धारा 20 (ख) (//) (ग) का अपराध दर्ज कर विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। बरामद 7 सौ किलोग्राम गांजा व्यवसायिक मात्रा से 20 गुना अधिक था। अभियोजन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक जितेंद्र साहू ने की।

### शराब की अवैध बिक्री, तीन लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद**। बागबाहरा पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री के मामले में 3 आरोपियों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम तेंदूलोथा के तालाब के पास योगेश साहू पिता भुवनेश्वर साहू (26 साल) वार्ड नं 10 डबरापारा से 3420 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 1520 रुपए जब्त किया वहीं रावणभांठा से यशवंत सोनवानी पिता विष्णु सोनवानी (35 साल) वार्ड नं 13 फुलवारी पारा बागबाहरा को 3600 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 1600 रुपए के साथ पकड़ा। वहीं तीसरे मामले में काली मंदिर के पास पोटरपारा से दिनेश सोनवानी पिता भरत सोनवानी (21 साल) वार्ड नं 11 बाजार पारा बागबाहरा को 3600 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 1600 रुपए बिक्री रकम 100 रुपए को पकडा गया। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## पुरुष कराते में महासमुंद के खिलाड़ी लालू प्रथम, 16 खिलाड़ी करेंगे चंडीगढ़ में छग का प्रतिनिधित्व

**महासमुंद**। कन्या महाविद्यालय धमतरी में अंतर महाविद्यालयीन कराते प्रतियोगिता आयोजित हुआ। इसमें प्रदेश के 21 कॉलेज के 46 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा। पं रविशंकर शुक्ल द्वारा पहली बार कराते महिला पुरूष प्रतियोगिता को विश्वविद्यालय खेल में शामिल किया गया। इस अंतर कॉलेज प्रतियोगिता को आयोजित कराने की मेजबानी कन्या महाविद्यालय धमतरी को मिली। अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में 21 कॉलेज शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद, दुर्गा कॉलेज रायपुर, महंत लक्ष्मीनारायण कॉलेज रायपुर, विवेकानंद कॉलेज मौदहापारा, शासकीय बृजराज कॉलेज पलारी बलौदाबाजार, तिल्दा नेवरा कॉलेज, डॉ राधबाई गर्ल कॉलेज रायपुर, पण्डित हरिशंकर शुक्ल कॉलेज रायपुर, छत्तीसगढ़ कॉलेज रायपुर, कला वाणिज्य एवं शारिरिक शिक्षा कॉलेज रायपुर, नेताजी सुभाष कॉलेज अभनपुर, पॉलिटिकल कॉलेज रायपुर, शासकी गजानंद कॉलेज, शासकीय माताकर्मा कन्या कॉलेज महासमुंद, नयापारा राजिम कॉलेज, डिग्री गर्ल कॉलेज रायपुर, महाराजा अग्रसेन कॉलेज रायपुर, सिमगा कॉलेज, कुलेश्वर कॉलेज गोबरा नयापारा व रविवि के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। महासमुंद के खिलाड़ी लालू सोनवानी को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनसुइया अग्रवाल, क्रीड़ा अधिकारी दिलीप लहरे, मुकेश पेंदरिया एवं खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, महासमुंद जिला कराते संघ के सचिव आनंद कुमार ने हर्ष जताया है।



# पुरानी पेंशन योजना बहाली को लेकर रेलवे कर्मचारियों का प्रदर्शन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

देशभर में केंद्र सरकार के कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन की बहाली की मांग को लेकर क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी है। इसका असर छत्तीसगढ़ में भी दिख रहा है। ईस्ट कोस्ट रेलवे श्रमिक यूनियन के आव्हान पर रेलवे कर्मचारी आज जिला मुख्यालय के सहायक मंडल इंजीनियर कार्यालय के मुख्य गेट पर ओपीएस की बहाली को लेकर तीन दिवसीय भूख हड़ताल पर पर बैठ गए है, कर्मचारियों की मांग है कि, नई पेंशन नीति (एनपीएस) हटा कर पुरानी पेंशन नीति (ओपीएस) लागू किया जाए।

बता दें कि केंद्र और राज्य सरकार के विभागों, संगठनों एवं प्रतिष्ठानों के सामने आठ जनवरी से 11 जनवरी तक 'रिले हंगर फास्ट' का आह्वान किया गया है। इस दौरान विभिन्न कर्मचारी संगठन, भूखे रह कर सरकार से 'पुरानी पेंशन बहाली' की मांग करेंगे। शुक्रवार को नई दिल्ली के स्टेट एंट्री रोड स्थित एआईआरएफ कैंपस की जेपी चौबे मेमोरियल लाइब्रेरी में आयोजित पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच (जेएफआरओपीएस) की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। ओपीएस के लिए गठित नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) की संचालन समिति के राष्ट्रीय संयोजक एवं स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद 'जेसीएम' के सचिव शिवगोपाल मिश्रा ने कहा है कि रेलवे के 11 लाख कर्मियों में से 96 फीसदी कर्मचारी ओपीएस लागू न करने की स्थिति में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए तैयार हैं। पहले चरण में सरकारी कर्मचारी, भूखे रहकर केंद्र सरकार को चेताएंगे। उसके बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल की तिथि घोषित की जाएगी।



### एनपीएस गो बैक के लगे नारे

श्रमिक यूनियन के पदाधिकारियों का कहना है कि केन्द्र सरकार नई पेंशन नीति को हटाकर पुरानी पेंशन नीति जब तक लागू नही करता तब तक कर्मचारियों का आंदोलन जारी रहेगा। हड़ताल पर बैठे कर्मचारी एनपीएस गो बैक के नारे लगाएं। बता दें कि, 8 जनवरी से शुरु हुआ यह प्रदर्शन 10 जनवरी तक जारी रहेगा। यदि इस दौरान मांगे पूरी नहीं होती तो ईस्ट कोस्ट रेलवे श्रमिक यूनियन के निर्णय के अनुसार आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

### तुमगांव में मारपीट के दो मामले दर्ज

**महासमुंद**। तुमगांव पुलिस ने मारपीट के दो मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पहले मामले में प्रार्थी गयालाल निषाद पिता भगेला निषाद (41 वर्ष) ग्राम गढ़सिवनी ने पुलिस को बताया कि आरोपी मनहरण निषाद पिता डेरहा निषाद ने अपने घर के सामने उसके साथ गाली गलौज करते हुए हाथ में पहने चूड़े से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी । पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है। वहीं दूसरे मामले में ग्राम गढ़सिवनी में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति के साथ 4 लोगों ने मारपीट की। प्रार्थी ईश्वर साहू पिता घनश्याम साहू (34 साल) ने पुलिस को बताया कि आरोपी राजू ध्रुव, जीतू ध्रुव, देवेंद्र और पंकज ने पुरानी रंजिश को लेकर उसके घर के सामने गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्के और डंडे से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## 10 लीटर महुआ शराब परिवहन करते एक व्यक्ति गिरफ्तार

**महासमुंद**। बसना पुलिस ने मोटर साइकिल से महुआ शराब परिवहन करते एक व्यक्ति को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि बंसुला से अरेकेल जाने का मार्ग अरेकेल में प्लेटिना मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 06 जीआर 4318 में अवैध रूप से महुआ शराब परिवहन किया जा रहा है। जिस पर तत्काल घटनास्थल बंसुला से अरेकेल जाने का मार्ग अरेकेल तालाब के पास आरोपी राजकुमार सांडे पिता घनश्याम सांडे (29) निवासी राजासेवईया खुर्द थाना पिथौरा के कब्जे से एक सफेद प्लास्टिक थैला के अंदर दस लीटर क्षमता वाली सफेद जरकीन में भरी 10 लीटर देशी हाथ भठ्ठी महुआ शराब कीमत 2000 रुपए एवं परिवहन में प्रयुक्त बाइक कीमत 50 हजार कुल जुमला कीमत 52 हजार को जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर ज्यूडिशियल रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।



## चार साल बाद आए फैसले में कांग्रेस प्रत्याशी की याचिका खारिज

# निर्वाचित पार्षद देवीचंद के खिलाफ याचिका हुई खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

वार्ड क्र. 10 पार्षद देवीचन्द राठी को न्यायिक विजय मिली है। देवीचंद राठी के पार्षद पद पर जीत हासिल करने के बाद कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी खिलावन बघेल द्वारा 24 जनवरी 2020 को जिला न्यायालय में वार्ड क्रमांक 10 के चुनाव को शून्य घोषित कर पार्षद देवीचंद राठी को हटाने के लिए याचिका दायर की गई थी। चार साल बाद फैसला में कांग्रेस प्रत्याशी की याचिका को खारिज कर दिया गया। प्रेसवार्ता में यह जानकारी स्वंय पार्षद देवीचंद राठी एवं अन्य पार्षदगणों द्वारा दी गई।

प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में पार्षदगण देवीचंद राठी, श्रीमती मीना वर्मा, मनीष शर्मा, महेंद्र सिका, हाफिज कुरैशी एवं राहुल चंद्राकर ने बताया कि वार्ड क्र. 10 पार्षद चुनाव दिसंबर 2019 मे सम्पन्न होने पर निर्वाचन आयोग द्वारा देवीचंद राठी को पार्षद घोषित किया गया था। जिसके बाद कांग्रेस प्रत्याशी खिलावन बघेल द्वारा चुनाव को शून्य घोषित करने याचिका दायर की गई थी।इसमें कांग्रेस प्रत्याशी का तर्क था कि निर्वाचित पार्षद देवीचंद राठी ने शपथ पत्र में चल अचल सम्पत्ति की झूठी जानकारी दाण्डिक प्रकरणों की अपूर्ण जानकारी एवं वार्ड 4,5,6 के मतदाताओं से फर्जी मतदान का आरोप लगाया गया था। उक्त प्रकरण लगभग 4 साल तक न्यायालय मे विचाराधीन रहा। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी ने पीठासीन अधिकारी सहित 10 लोगो को प्रत्यर्थी बनाया, जिसमें 8 पार्षद प्रत्याशी कोर्ट में उपस्थित नहीं होने के कारण कोर्ट ने सभी 9 अनावेदकों को एक पक्षीय घोषित किया।




### सत्य की सदा विजय होती है- देवी

दोनों पक्षों की गवाही उपरान्त 2 जनवरी 2024 को न्यायाधीश श्रीमान भीष्मप्रसाद पांडेय ने अपना फैसला सुनाते हुए कांग्रेस प्रत्याशी की याचिका को खारिज कर दी गई। इस प्रकार पार्षद देवीचंद राठी को इस सत्र मे दोबारा विजय न्यायालय के माध्यम से हुआ। वार्ड नं. 10 पार्षद एवं भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक देवीचंद राठी ने कोर्ट के निर्णय का स्वागत किया तथा न्याय प्रणाली पर विश्वास व्यक्त करते हुये कहा कि सत्य की सदा विजय होती है।


## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### आशीष ने की विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात

**सरायपाली।** भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष डॉ आशीष दास ने अपने परिवारजनों के साथ छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से शिष्टाचार भेंटकर विधानसभा के अध्यक्ष नियुक्त होने पर हर्ष जताया। कुछ समसामयिक विषयों पर चर्चा भी किए। डॉ सिंह ने कहा कि इसी तरह से पार्टी के लिए समर्पित होकर कार्य करने प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ आशीष की धर्मपत्नी आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ अनूपा दास, पुत्र शाश्वत दास उपस्थित रहे।



### गौरव विद्या मंदिर के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**सरायपाली।** गौरव विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा वार्षिक कार्य योजना अनुसार विद्यालय के संचालक तेज कुमार पंडा के दिशा निर्देशन में कक्षा छठवीं से बारहवी तक के छात्र-छात्राओं ने राजिम व चंपारण्य का शैक्षणिक भ्रमण किया। राजिम में त्रिवेणी संगम नदियों के बारे में बताया गया तथा राजीव लोचन मंदिर के पौराणिक कथाओं के बारे में अवगत कराया गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार सतपथी, प्रधानाचार्य रामचंद्र बाईल द्वारा छात्र-छात्राओं को चंपारण का भ्रमण कराया गया। चंपारण में स्थित गौशाला का भ्रमण करते हुए उनके बारे में जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं ने भगवान महाप्रभु वल्लभाचार्य मंदिरों का भी दर्शन किए। कार्यक्रम में शैक्षणिक भ्रमण प्रभारी तेजराज डनसना व समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### निधन

#### पारसचंद लूनिया



**महासमुंद।** नगर के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसायी कॉलेज रोड निवासी पारसचंद लूनिया (75) का मंगलवार की दोपहर रायपुर के निजी अस्पताल में निधन हो गया है। अंतिम यात्रा संध्या 4:30 बजे निकाली गई। वे स्व. उत्तमचंद, स्व. रानूलाल के छोटे एवं गौतमचंद, देवराज लूनिया के बड़े भाई थे।

# नवनिर्वाचित विधायक संपत को शिशु मंदिर परिवार ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

नगर के शिशु मंदिर विद्यालय में स्वागत समारोह आयोजित कर नवनिर्वाचित विधायक डॉ संपत अग्रवाल को विद्यालय परिवार ने सम्मानित किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक डॉ. संपत अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती, मां भारती एवं ओम के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित पुष्प अर्पित कर किया गया।



इस दौरान विधायक अग्रवाल को अंगवस्त्र देकर तथा फूलमाला पहनाकर साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाकर उनका स्वागत किया गया। समारोह में विद्यालय परिवार व नगरवासी काफी उत्साहित रहे। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विधायक अग्रवाल ने कहा कि मैं हमारे विद्यालय परिवार के साथ खड़ा हूं। और भविष्य में भी इसी तरह साथ खड़ा रहूंगा। शिक्षण संस्थानों की समस्याओं की समाधान के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। शिक्षा के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा शिक्षा द्वारा हमें नैतिक मूल्यों, समाज सेवा की भावना, सामाजिक न्याय और समरसता के महत्व को समझने में मदद मिलती है। शिक्षित लोग समाज की समस्याओं के समाधान में योगदान करते हैं, सामाजिक बदलाव को प्रोत्साहित करते हैं, और समाज के उद्धार में योगदान करते हैं। शिक्षा मानव जीवन के हर पहलू पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। क्षेत्रवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना व समस्याओं का समाधान करना। क्षेत्र से भ्रष्टाचार को खत्म करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने इस भव्य स्वागत के लिए विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में पूर्व व्यवस्थापक आनंद मदनानी, अध्यक्ष रामचंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष रघुवीर श्रीवास्तव, प्राचार्य नंदुराम अग्रवाल, प्रधानाचार्य भरोसराम साव, प्रभारी आचार्य धनुर्जय साहू, आचार्य किशोर पाण्डे, धनेश्वर साहू, भाजपा नेता सुवर्धन प्रधान, सुभाष शर्मा, संतराम भारद्वाज, निर्मल अग्रवाल, नरेन्द्र बोरे, पूर्व जिला सदस्य पुष्पलता साव, ललित रात्रे, जसवीर सिंह जटाल, सपना अग्रवाल, तरुणदास, जितेन्द्र अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

## नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात



**महासमुंद।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व सर्व हिंदू समाज के सदस्यों द्वारा महासमुंद जिले के नवपदस्थ जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा का पुष्प गुच्छ भेंट कर जिला में स्वागत किया गया। आगामी 22 जनवरी श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर महासमुंद में होने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम का आमंत्रण पत्र भेंटकर दीपोत्सव कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया।

# नववर्ष मिलन समारोह में स्थानीय पत्रकारों का किया गया सम्मान

**सरायपाली।** स्थानीय नवीन विश्राम गृह में छायाकांत भट्ट (आयुष) प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं महासमुंद जिलाध्यक्ष छतीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन के नेतृत्व में नववर्ष मिलन समारोह कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दामाद टीएस सिंह कंवर रहे। कंवर के साथ अखिलेश रात्रे प्रदेश महासचिव छग मीडिया एसोसिएशन भी थे, जहां पत्रकारों द्वारा शहर के मुख्य चौक, जयस्तंभ चौक पर आतिशी कर स्वागत किया गया। पश्चात नवीन विश्राम गृह पहुंचे। जहां कंवर के हाथों स्थानीय पत्रकारों का सम्मान किया गया।



उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होता है, निष्पक्ष पत्रकारिता करने का संदेश दिए। साथ ही पत्रकारों के सुरक्षा और हो रहे दुर्व्यवहार की बात को मुख्यमंत्री के समक्ष रखने की बात कही। पत्रकारों को भी शासन से कुछ मासिक आर्थिक सहायता दिलाने की बात भट्ट ने मुख्य अतिथि से मांग रखी, जिस पर पत्रकारों ने भी सहमति दी। इस दौरान प्रमुख रूप से शहर के वरिष्ठ पत्रकार भगवान दास अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, सुनील महापात्र, शिवा निषाद, रणवीर मेश्राम, इंद्र कुमार डनसेना के साथ जनप्रतिनिधि सुखचंद मानिकपुरी, सुकेश यादव, योगेंद्र कुमार साहू, कौशिक कुमार बारिक आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान कंवर का तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू ने भी पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में अतिथि के साथ वेद भूषण सनेही (प्रदेश उपाध्यक्ष), मुरलीधर बर्मन, धनीराम निराला, जीवन खुंटे भी शामिल हुए।



### संगम सेवा समिति के वार्षिक हिंदी कैलेंडर का किया विमोचन

**सरायपाली।** संगम सेवा समिति के वार्षिक हिन्दी कैलेंडर का विमोचन भाजपा नेता संजय शर्मा एवं विपिन उपवेजा एवं मां रुद्रेश्वरी क्रिकेट क्लब बैतारी एवं संगम सेवा समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। कैलेंडर विमोचन के समय समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल ने कहा कि बाजार में हिंदी कैलेंडर की बढ़ती कीमत को ध्यान में रखते हुए हिंदी पंचांग कैलेंडर का विमोचन संगम सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है, जिससे लोगों को तिथि त्योहार की जानकारी सुलभता से प्राप्त हो सके। कैलेंडर विमोचन के समय समिति के सदस्य तुषार सेन, आशीष सेन, आयुष साहू, तरुण गड़तिया, अमित पटेल, रिंकू पटेल, किशन जयसवाल उपस्थित रहे।

# मोहनमुड़ा में नवनिर्मित आदिवासी सामुदायिक भवन का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सरायपाली विधानसभा की नवनिर्वाचित विधायक चातुरी नंद ने ग्राम मोहनमुड़ा में नवनिर्मित आदिवासी सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नंद ने कहा कि सामुदायिक भवन बन जाने से लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सुविधा होगी। आम जनता को सुविधा देना मेरी पहली प्राथमिकता है। विधायक नंद ने सभी ग्रामवासियों को साधुवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच कमल पटेल, जनपद सदस्य कुसुम सिदार, जनपद अध्यक्ष बसना रुक्मणि सुभाष पटेल, लोहारिनडीपा सरपंच घंसिया सिदार, सरपंच डूडूमचुआ शांति साहू, एनएसयूआई अध्यक्ष भीष्म पटेल, सचिव ममता चौहान, कृपा सिदार, चंद्रिका साहू, मालती सिदार, रूपा चौहान, सुखलाल सिदार, राजेश चौहान, बसंती सिदार, कुंती कौशल्या सिदार, तिलोत्मा सतपथी, मीना, दुकालू, त्रिलोचन आदि मौजूद रहे।

### कौंदकेरा में छात्रों ने सामुदायिक कार्य के तहत किया भ्रमण

**महासमुंद।** श्याम बालाजी महाविद्यालय के छात्राध्यापकों द्वारा ग्राम कौंदकेरा में शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इस दौरान प्रथम सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों द्वारा नशामुक्ति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, शौचालय, भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा साक्षरता एवं स्वास्थय के बारे में बताते हुए ग्रामीणों के समक्ष जनजागरुकता रैली निकाली गई। प्राचार्य अंकिता चंद्राकर ने महाविद्यालय का परिचय एवं ग्रामीण भ्रमण के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। सहायक प्राध्यापक उमा चौधरी के मार्गदर्शन में शिक्षा पद नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों के प्रत्येक परिवार में संपर्क कर शिक्षा एवं साक्षरता से जुड़े विषयों पर सर्वेक्षण किया गया एव समुदायिक कार्य के उद्देश्यों को बताया गया। इस अवसर पर बीएड विभाग के प्राध्यापक उपस्थित थे। सहायक प्राध्यापक आशी चंद्राकर ने आभार जताया।



# शिक्षक भर्ती में दो का चयन व एक छात्रा ने विवि की प्रावीण्य सूची में बनाया स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है। महाविद्यालय के गणित विभाग में अध्ययनरत एमएससी की दो छात्राओं का चयन व्यापम द्वारा बस्तर-सरगुजा संभाग के लिए हुए सरकारी शिक्षक भर्ती 2023 में हुआ है। महाविद्यालय में वर्तमान में अध्ययनरत ग्राम भलेसर निवासी एमएससी गणित तृतीय सेमेस्टर की नियमित छात्रा मोनिका ठाकुर पिता उदय राम का चयन सहायक शिक्षक वर्ग-03 के पद पर शासकीय प्राइमरी स्कूल मंग्नर जिला दंतेवाड़ा तथा महासमुंद निवासी छात्रा हेमलता पति राहुल कुमार साहू का चयन शिक्षक वर्ग-02 के पद पर शासकीय एसएसए यूपीएस स्कूल कलेपल केशकाल जिला कोंडागांव में हुआ है। इनकी इस उपलब्धि पर गणित विभाग के साथ-साथ पूरा महाविद्यालय परिवार गौरवान्वित है। इसी तरह अभी हाल में ही पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए एमएससी गणित 2023 की मेरिट लिस्ट में महासमुंद निवासी नियमित छात्रा वर्षा कोसरिया पिता मनोज कोसरिया ने 1565/2000 अंक लेकर प्रावीण्य सूची में नवम स्थान बनाकर पूरे महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है।



आंख की रोशनी की समस्या के बावजूद वर्षा ने कड़ी मेहनत कर यह सफलता हासिल की। महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में वर्षा को सम्मानित किया जाएगा। इसके पहले छात्रा नीतिशा बजाज ने भी वर्ष 2020 की मेरिट सूची में चतुर्थ स्थान बनाया था। इसी प्रकार तीन वर्ष पूर्व महाविद्यालय से एमएससी गणित किए हुए चार विद्यार्थियों में से दो का चयन शिक्षक भर्ती 2019 में अध्ययनरत रहते हुए तथा दो का चयन शिक्षक भर्ती 2023 में हुआ है। इनमें प्रियंका सोनी, परमानंद सागर, रेखराज चंद्राकर, संजय चौधरी शामिल हैं।

दो वर्ष पहले के चार विद्यार्थी विभिन्न शासकीय कॉलेजों में अतिथि सहायक प्राध्यापक गणित के पद पर कार्यरत हैं। छात्रों में निलेश कुमार तिवारी, प्रतीक मारु, नीतिशा बजाज, योगेश्वरी साहू शामिल हैं। इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल, डॉ रीता पांडे, डॉ मालती तिवारी, डॉ ईपी चेलक, प्रो मनीराम धीवर, प्रो अजय कुमार राजा सहित गणित विभाग के प्रो गौरव कुमार सोनी, दीप्ति पटेल, रेशमा वर्मा तथा महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने हर्ष जताया है।

### मंत्री से मुलाकात



**महासमुंद।** छग राज्य के स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मंगलवार को उनके निवास में महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने सौजन्य मुलाकात की। नपाध्यक्ष महिलांग ने मंत्री अग्रवाल को छग में ऐताहासिक जीत दर्ज करने के साथ ही शासन में मंत्री बनने के लिए गुलदस्ता भेंटकर हर्ष जताया। इस दौरान उन्होंने मंत्री अग्रवाल से शहर में विकास कार्यों को लेकर चर्चा भी की। मुलाकात के दौरान नपाध्यक्ष के सुपुत्र अंकित महिलांग, कांग्रेस युवा नेता अरिश अनवर, सघनजोत सिंह, सोहेल खान और लता कैलाश चंद्राकर मौजूद रहे।

# ग्रामीण क्षेत्रों की कमार जनजाति पलायन को मजबूर

**नर्रा।** केंद्र व राज्य सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों के लिए योजनाओं की बड़ी-बड़ी दावे किए जाते हैं। लेकिन विडंबना है कि आज भी जमीनी हकीकत गांव में देखें तो रोजगार के लिए तरसते नजर आ रहे हैं। ये है महासमुंद जिले के ग्राम पंचायत सोनासिली (झलप) कमार जनजाति के विशेष पिछड़ी परिवार। ऐसे कई घर है जो गांव में रोजगार नहीं मिलने पर पलायन हो चुके हैं। यह जानकारी होते ही जमीनी हकीकत जानने के लिए समाजसेवी मनोज पटेल पहुंचे हुए थे। और ग्रामीणों से मुलाकात कर सच्चाई क्या है, चर्चा करने पर बताया कि अब धान कटाई से लेकर कई ऐसे कार्य गांव में मशीनों द्वारा होने लगे हैं। हमारा पुश्तैनी दिनचर्या बांस की सामग्री बनाकर बेचकर जीवन चलाते थे। लेकिन, शासन प्रशासन द्वारा बास उपलब्ध भी नहीं कराया जा रहा है। गांव में विभिन्न काम मशीनों से होने के चलते गांव में भी रोजगार नहीं मिल पा रहा है। जिसके चलते कई परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। गरीबी के चलते और बच्चों को अच्छी शिक्षा देने में हम असमर्थ होते नजर आ रहे हैं। इनके अनेक समस्याओं को सुनकर छत्तीसगढ़ शाकंभरी सेवा संस्थान द्वारा तत्काल पिछड़ी जनजाति परिवारों को रोजगार और मदद दिलाने और पलायन को रोकने के लिए परिवार को वापस लाने की अपील करते हुए कहा कि गांवों में पलायन न हो इसके लिए उचित व्यवस्था कर शासन के हर योजना को उनके बीच अमल करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर प्रमुख रुप से विसाहू कमार, घासीराम कमार, हीरालाल कमार, सागर कमार, मंगल सिंग कमार, शिवकुमार कमार, सुमित बाई, गीताबाई, फुलेश्वरी बाई, कुंती बाई एवं विशेष पिछड़ी जनजाति पूरा परिवार के लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।





### समाज पदाधिकारियों ने की विधायक से मुलाकात

**महासमुंद।** महासमुंद परिक्षेत्र सरेठे सेन समाज के पदाधिकारियों ने स्थानीय योगेश्वर राजू सिन्हा से मुलाकात कर पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया और मिठाई खिलाकर जीत के लिए हर्ष जताया। इस दौरान महासमुंद परिक्षेत्र के सरेठे सेन समाज के अध्यक्ष शत्रुहन लाल सेन, संरक्षक सीताराम सेन, भेषलाल ठाकुर सचिव, रामशरण ठाकुर कोषाध्यक्ष, लोकनाथ ठाकुर, अश्वनी सेन, कमल नारायण सेन, कुलदीप सेन, घनश्याम सेन, भोलाराम सेन, राजेंद्र कौशिक, पिंटू सेन, संजय श्रीवास, हेमलाल ठाकुर, रोहित सेन, तेजसिंग सेन, लक्ष्मीनारायण सेन, जानिकराम सेन आदि मौजूद रहे।

# कर्मचारी व पेंशनर संघ ने किया विधायक का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं पेंशनधारी कल्याण संघ के संयुक्त तत्वावधान में महासमुंद के नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का कर्मचारी भवन में सम्मान किया गया।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का संयुक्त रूप से पेंशन कल्याण संघ एवं तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रेखराज शर्मा व अशोक गिरी गोस्वामी द्वारा शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस दौरान पेंशन कल्याण संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी संघ के संरक्षक नारायण चंद्राकर का विधायक सिन्हा ने शाल फल भेंट कर सम्मान किया।



विधायक सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार रिटायर्ड कर्मचारी सहित समस्त कर्मचारियों की मांगों के लिए गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने कहा सेवानिवृत्ति कर्मचारियों ने अपना जीवन प्रदेश के भविष्य को सजाने में लगाया है। मैं आप लोगों की हर जायज मांग को पूरा कराने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि संदीप दीवान ने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के हितों के लिए गभीरता पूर्वक कार्य कर रही है। सभी के साथ न्याय हो यह राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है।

इस दौरान पेंशन कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष अशोक गिरि गोस्वामी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम 6 सूत्रीय मांग पत्र विधायक को सौंपा। कार्यक्रम को भोपाल के पूर्व महापौर नीलम दीवान, तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रेखराज शर्मा, पेंशन कल्याण संघ के अशोक गिरि गोस्वामी, डॉ साधना कसार, दिलीप तिवारी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पेंशनर डॉ आरके परदल, छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के दिलीप तिवारी उपाध्यक्ष, लोकेश पटेल सचिव, भोजराज पटेल ब्लाक अध्यक्ष सरायपाली, पुरुषोत्तम छत्तीसगढ़िया, भीमसेन चंद्राकर, बीआर देवांगन, बोधराम साहू, जेएस अहिर, सिराज बक्श, होरी लाल साहू, आत्मा राम साहू, तारकेश्वर साहू, बीपी मेश्राम, मधु शर्मा, महेश शर्मा, संतोष शर्मा, केके हनुमंता, बसंत चंद्राकर, बलराम ध्रुव, बंशी चंद्राकर, पीसी पुरोहित, बोध राम साहू, सनद यादव, माधेश्वर ध्रुव, मन्नू लाल साहू, राम बाई गुरदत्ता, रेवती साहू, अनिता दवे, राम लाल साहू, सुग्रीव तिवारी आदि मौजूद रहे।

# लिपिक कर्मचारी संघ का सम्मान एवं नववर्ष मिलन समारोह 13 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा महासमुंद द्वारा 13 जनवरी शनिवार को डाइट सभा कक्षा महासमुंद में प्रातः 11 बजे से सेवानिवृत्त लिपिक कर्मचारियों का जिला स्तरीय सम्मान समारोह एवं नववर्ष मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर संगठन के 2024 का वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन भी मुख्य अतिथि द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक तथा विशिष्ट अतिथि संघ के प्रांताध्यक्ष संजय सिंह, राजेश सोनी प्रांतीय कोषाध्यक्ष, सीके तिवारी प्रांतीय महामंत्री एवं विशेष अतिथि बीके प्रधान एवं शिवकुमार साहू संरक्षकद्वय जिला शाखा महासमुंद होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शाखा महासमुंद के अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर करेंगे। कार्यक्रम में महासमुंद जिले से सेवानिवृत्त हुए लिपिक कर्मचारियों के अतिरिक्त जिला के सभी विभागों के लिपिक कर्मचारी सम्मिलित होंगे।



## खबर संक्षेप

### जिले में आज लगेंगे संकल्प शिविर

**धमतरी।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में लगातार संकल्प शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 10 जनवरी को जिले के 12 गांवों में संकल्प शिविर लगाये जायेंगे। धमतरी विकासखण्ड के बिजनापुरी, गंगरेल, सेनचुवा, भटगांव, कुरूद विकासखण्ड के रामपुर, सेमरा बी, इर्रा, सिलघट, मगरलोड विकासखण्ड के सोनपैरी, डाभा और नगरी विकासखण्ड के चिंवरी एवं घोटगांव में संकल्प शिविर आयोजित किये जायेंगे।

### पुरूर में मड़ई 10 को

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम पुरूर की मड़ई 10 जनवरी बुधवार को रखी गई है। सरपंच सुकीर्ति यादव ने बताया कि ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए लोक प्रयाग राजिम का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम रखा गया है।

### करगा में आज से सत्संग समारोह

**जीजामगांव।** ग्राम करगा में 10 एवं 11 जनवरी को दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है। सत्संग समारोह के प्रमुख प्रवक्ता परीक्षा साहेब, धर्मप्रकाश साहेब, संकल्प साहेब, सुधीर साहेब, गुरमुख साहेब अपनी संत मंडली के साथ पधार रहे हैं। आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम दिवस भजन एवं प्रवचन सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक तथा दोपहर 3 से संध्या 5 बजे तक होगा।

### बैठक : पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलाने पर जोर

# कमार बसाहटों को पक्की सड़क से जोड़ने प्रस्ताव भेजें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर प्रभात मलिक ने समय-

- गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी हेतु सौंपे दायित्व, कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक
- समय-सीमा से अधिक लंबित निर्माण कार्यों के लिए ठेकेदारों को नोटिस जारी करें
- जिले में संचालित क्रेशर यूनिटों का निरीक्षण करने के निर्देश

सीमा की बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना सहित विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही समय-सीमा पत्रकों और विभिन्न पोर्टल में दर्ज जन शिकायतों के समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर मलिक ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिए चलायी जा रही योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित हो।

उन्होंने कहा कि जिले के कमार परिवारों का जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत पंजीयन कराएं। जिनके नाम पर जमीन है उनका किसान क्रेडिट कार्ड जारी करें। मलिक ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपाल अभियंता को कहा कि सौ सदस्यों से अधिक जनसंख्या वाले कमार बसाहटों तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क का प्रस्ताव बनाएं। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि इस तरह 18 बसाहटों के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। इसी तरह वन धन केंद्रों की स्वीकृति के लिए महिलाओं का समूह निर्माण




करते हुए उन्हें वन धन विकास केंद्र से जोड़ें। इसके लिए वन विभाग को क्लस्टर स्तरीय केंद्र बनाने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह इन परिवारों में पानी, आधार कार्ड, राशन कार्ड और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा, एसडीएम उमेश साहू सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत आपूर्ति संबंधी प्रमाण पत्र देने के निर्देश दिए। नगरीय निकायों में जल आवर्धन योजना अंतर्गत सप्लाई की जा रही पेयजल का नियमित जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से समन्वय करने कहा गया। इसी तरह लंबित निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि अधूरे निर्माण कार्यों की जानकारी गूगल सीट में ऑनलाइन एंट्री कर अपडेट करें और ऐसे ठेकेदारों के ऊपर कार्रवाई करें जो समय सीमा के पश्चात भी कार्य पूर्ण नहीं कर पाए हैं।

### प्लांट से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों का उचित निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश

कलेक्टर मलिक ने क्रेशर यूनिटों का निरीक्षण करने के निर्देश खनिज अधिकारी को दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्लांट से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों का उचित निष्पादन सुनिश्चित करें तथा प्लांट में पर्यावरण व अन्य मानकों के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसी तरह शिक्षा विभाग को इस सत्र 12वीं की परीक्षा में बैठने वाले सभी विद्यार्थियों की जानकारी ऑनलाइन एंट्री करने के निर्देश दिए हैं। सूची के अनुरूप जिनका जाति प्रमाण पत्र नहीं बना है उनका जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों को अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने कहा गया। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत डोर-टू-डोर सर्वे कर ऐसे हितग्राहियों का चिन्हांकन कर लाभ दिलाएं। बैठक में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि इस वर्ष भी प्रमुख विभागों की झांकी निकाली जाएगी। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। उन्होंने विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपते हुए आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए हैं।

# अंगना म शिक्षा प्रशिक्षण के साथ पढ़ई तिहार 2024 की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

अंगना म शिक्षा की सफल क्रियान्वयन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन शासकीय हाईस्कूल बड़ेटेमरी के सभागार में किया गया। जिसमें विकासखंड स्तर में 30 संकुलों से एक सक्रिय महिला शिक्षक तथा संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीआरसी समग्र शिक्षा बसना ललित कुमार देवता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बीआरसी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अंगना म शिक्षा कार्यक्रम में विकासखंड बसना ने अपनी विशेष पहचान बनाई है, यहां स्वप्रेरित शिक्षिकाओं द्वारा अधिक से अधिक स्मार्ट माता को जोड़ा गया। ताकि, वे घर पर बच्चों के साथ गतिविधि कर बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहयोगी हो। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों का संपूर्ण विकास करना है, वह भी माताओं द्वारा घर पर ही पारिवारिक वातावरण में आनंदमय माहौल में हो।

प्रशिक्षण में अंगना म शिक्षा के अब तक के सफर को विस्तार से बताया गया कि किस प्रकार से यह कार्यक्रम स्वप्रेरित महिला शिक्षिकाओं द्वारा शून्य निवेश पर शुरुआत किया गया और इसमें माताओं को जोड़कर उनकी क्षमता वृद्धि कर उनकी सहभागिता प्राप्त किया गया। तृतीय चरण तक स्मार्ट माता का चयन कर उनका गठन कर उन्हें टेलीग्राम से जोड़ना, ताकि वे गतिविधियों को आदान प्रदान कर सकें। चतुर्थ चरण में जनवरी से मार्च माह तक बच्चों के माताओं के साथ गतिविधि कराई जानी है। जिसमें प्रत्येक माह एक एक गणित व भाषा की गतिविधि खेल खेल के माध्यम से होगी। जिसमें अक्षरों को जोड़कर शब्द निर्माण, जोड़ने घटाने की संक्रिया, सम विषम की पहचान करना बताया जाएगा। कार्यक्रम में सिर्फ कक्षा पहली व दूसरी के बच्चें व उनकी माताएं भाग लेंगी। 25 अप्रैल को पढ़ाई तिहार मनाया



जाएगा, जिसमें मेला का आयोजन कर नौ काउंटर बनाया जाएगा। इसमें आंगनबाड़ी, बालवाड़ी के बच्चों और माताओं को शामिल किया जाएगा। प्रशिक्षण में प्रथम फाउंडेशन के प्रभारी ने भी एफएलएन पर विस्तृत जानकारी दी। विकासखंड के समस्त प्राथमिक शालाओं से एक शिक्षक प्रशिक्षण लेंगे। ताकि, आने वाले माह में की जाने वाली गतिविधियों का आयोजन सफलता पूर्वक किया जा सके। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर मीना सहारे व संतोषी साहू द्वारा अंगना म शिक्षा से संबंधित विभिन्न गतिविधि कराकर खुशनुमा शैक्षिक माहौल में प्रशिक्षण दिया गया। समन्वयक चनाट रोहित पटेल द्वारा विद्यालय के बच्चों में संस्कार किस प्रकार लाया जाए, विद्यालयों में बाल संस्कार शाला का संचालन करने पर विचार अभिव्यक्ति दी गई। बच्चों को गर्भ से ही संस्कार मिलना शुरू हो जाता है। मां जिस प्रकार से आहार और विचार करती है, बच्चा गर्भ से ही उसे सीख कर आता है। बच्चे अपने बड़ों का अनुसरण करते जाते हैं। घर के वातावरण का भी प्रभाव बच्चों में पड़ता है। समन्वयक खोकसा तिरिथराम पटेल द्वारा बाल केंद्रित शिक्षा पर अपने विचार रखें। समन्वयक बाराडोली अनिल साव द्वारा अपने संकुल के विभिन्न शालाओं में किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। इसी तर्क में भाषा शिक्षण और भाषा से जुड़ी हुई गतिविधियों, नई शिक्षा नीति 2020 पर समन्वयक गिधली पूर्णानंद मिश्रा द्वारा प्रकाश डाला गया। समन्वयक गड़फुलझर अरूण प्रधान द्वारा प्राथमिक शाला में शिक्षण पद्धति एवं गतिविधियों के बारे में शिक्षकों को जानकारी दी गई। नोडल प्राचार्य बड़ेटेमरी शरद कुमार प्रधान द्वारा समस्त शिक्षकों व समन्वयकों को पालकों से कैसे संपर्क कर बच्चों के स्तरानुसार दक्षता प्राप्त कर सकते है की जानकारी दी गई। अंत में समन्वयक बड़ेटेमरी व प्रशिक्षण प्रभारी वारिश कुमार द्वारा भाषा के चार कौशल सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना के साथ ही विचार कौशल और समझ के साथ पढ़ना के बारे में अपने विचार रखें।

# पत्रकार भोला राम को मिला चंदूलाल चंद्राकर स्मृति सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज भिलाई नगर 7 जनवरी की संध्या चंदूलाल चंद्राकर जयंती एवं वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन में बेलसोंडा निवासी भोलाराम चंद्राकर को पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए चंदूलाल चंद्राकर स्मृति से विधायक ललित चंद्राकर के हाथों शॉल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। इस अवसरपर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग राज प्रदीप चंद्राकर, वरिष्ठ साहित्यकार डीपी देशमुख, एवं अध्यक्ष-छत्तीसगढी कूर्मि क्षत्रिय समाज भिलाई नगर ईश्वरी वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष पवन चंद्राकर रहे।

### शराब की अवैध बिक्री को रोकने महिलाओं ने अंकित के नेतृत्व में लगाई गुहार

**महासमुंद।** खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा के नेतृत्व में पंचायत मोहंदी की आदिवासी महिला सरपंच समेत महिला वाहिनी व ग्राम की महिलाओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर ग्राम में महुआ, देशी, विदेशी शराब का बेखौफ धड़ल्ले से बिक्री होना बताया। नवपदस्थ जिला पुलिस अधीक्षक, जिला आबकारी अधिकारी, जिलाधीश कार्यालय में जाकर महिलाओं ने अपनी व्यथा बताई व तत्काल बड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए शराब के अवैध बिक्री की स्थायी रूप से बंदी की बात की।

अंकित ने बताया कि नशे के दुष्प्रभाव से युवाओं में इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है और रास्ते से आने जाने वाले छात्र-छात्राओं को भी नशेड़ियों से दो चार होना पड़ता है। ग्राम की महिलाओं ने इसका जिम्मेदार खल्लारी थाने को बताया, जहां बार-बार व लगातार फोन व लिखित में शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होती। उन्होंने कहा कि बागबाहरा ब्लॉक में सबसे ज्यादा शराब की बिक्री खल्लारी थाने अंतर्गत होती है। पुलिस, आबकारी शासन प्रशासन जब चाहे किसी भी गांव में जाकर पता कर सकते हैं। अंत में अंकित ने शासन-प्रशासन से निवेदन किया कि ग्राम का माहौल खराब होने से रोकना है। नही तो इसके परिणाम सभी को भुगतने होंगे। शराब की अवैध रूप से ग्राम में हो रही बिक्री पर तत्काल अंकुश लगाने की मांग भी की। इस अवसर पर अंकित बागबाहरा के साथ राजेश राजपूत, सरपंच शांता खेमराज दीवान, भारती विश्वकर्मा, त्रिवेणी ध्रुव, ओमिन साहू, तीजिया विश्वकर्मा, रूखमणि, उषा, मोहनी, मोतिम ध्रुव, चंद्रिका, सरस्वती, जामबाई, फुलेशर, मंगलीन, रमिला दीवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी महिलाएं मौजूद रहे।

# सेना, पुलिस, फारेस्ट गार्ड भर्ती के लिए युवकों को शारीरिक व मानसिक रूप से किया गया तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

फुलझर डिफेंस एकेडमी में प्रशिक्षु समस्त छात्र-छात्राओं को भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ लक्ष्मीकांत चौधरी ने मोटिवेट किया। सभी के प्रश्नों के उत्तर भी देने के साथ ही सेना, पुलिस, फारेस्ट गार्ड जैसे पदों पर भर्ती के लिए निर्धारित शारीरिक मापदंड एवं मानसिक रूप से तैयारियों के बारे छात्रों के मन के सभी सवालों के उत्तर और सभी को राष्ट्र सेवा के लिए कई टिप्स दिए। समस्त युवाओं को भाजपा नेता विपिन उबोवेजा द्वारा उत्साहवर्धन कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई गई।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में सेना ब्रिगेड से हवलदार बालमुकुंद साहू, हवलदार ओम प्रकाश साहू,



नायक देवचरण खूंटे, हवलदार अश्विनी प्रधान, नायक प्रकाश पटेल, हवलदार दशरथी चौधरी द्वारा शुरू से अंत तक हर तरह का सहयोग और योगदान दिया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग सरायपाली से डॉ प्रिदम्बिनी नायक, रोहित चौहान, त्रिलोचन चौधरी एवं योगेश प्रजापति ने वहां उपस्थित 92 छात्रों का फीजिकल मानक के तहत सभी मेडिकल टेस्ट किया गया। बहुत ही कम समय में एकेडमी में सरायपाली अंचल ही नही आसपास के अन्य जिलों से भी प्रशिक्षण के लिए लगातार भर्तियां हो रही हैं, जो इस बात का द्योतक है कि राष्ट्र सेवा के लिए युवाओं में उत्साह है।

एकेडमी के डायरेक्टर रिटायर्ड आर्मी धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि इस संस्थान का एकमात्र उद्देश्य है कि आज के युवाओं को अनुशासित रखते हुए अधिक से अधिक संख्या में सेना एवं पुलिस में सेवा हेतु तैयार करना है। ताकि, एक सशक्त समाज और एक सुरक्षित राष्ट्र का निर्माण हो। राष्ट्र भक्ति से ओत प्रोत ट्रेनिंग ले रहे समस्त बालक बालिकाएं भी आज अपने बीच लेफ्टिनेंट कर्नल को अपने बीच पाकर एवं उनसे सवाल जवाब कर प्रसन्न दिखाई दिए।

सरायपाली जैसे शहर में इस तरह की एकेडमी की सुविधा से निश्चित ही आसपास के एरिया के सभी युवाओं को रोजगार हासिल एवं देश सेवा करने के लिए एक सुअवसर मिल गया है। अंत में सभी सम्मानित अतिथियों एवं मेडिकल टीम का डायरेक्टर धर्मेंद्र चौधरी द्वारा आभार प्रकट किया गया।

# बेलसोंडा में कार सेवकों का स्मृति चिन्ह से हुआ सम्मान

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम बेलसोंडा में राम मंदिर निर्माण महिला समितियों द्वारा बेलसोंडा के कार सेवकों का स्मृति चिन्ह एवं गमछा श्रीफल से सम्मानित किया गया। बेलसोंडा के कारसेवक सम्मान समारोह कार्यक्रम के शुभारंभ में श्रीराम के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर आरती पूजन कर माल्यार्पण किया एवं बेलसोंडा के स्वर्गीय कारसेवक कमल देव चंद्राकर को उनके हिंदू धर्म के प्रति सदभावना के लिए उनके छायाचित्र में दीपक जलाकर 2 मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।

समिति के नारी शक्तियों ने बताया कि आज अयोध्या में अपने जन्म भूमि पर राम लला विराजमान होने जा रहा है। जिसमें कारसेवकों का महत्वपूर्ण भूमिका रहा है। अपने जान की परवाह नहीं करते



हुए कारसेवकों ने 1990 से 1992 तक काफी संघर्ष किया है, जिसका परिणाम आज पूरे भारत देश में हिंदू धर्मों में भारी उत्साहित है। कागजी लड़ाई जो हुआ सो हुआ। किंतु कारसेवक सम्मान के पात्र है, जाने कितने कारसेवकों ने अपने जीवन के कुर्बानी दिया है। इसमें ग्राम बेलसोंडा से भी 2 कारसेवक हिंदूधर्म के लड़ाई के लिए निकले थे, जो हमारे लिए गौरव की बात है कि इतिहास के नाम में दर्ज है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कारसेवक तुलसी राम सेन अपने आंदोलन के आपबीती बातें साझा किया। मुख्य अतिथि के रूप में कारसेवक स्वर्गीय कमल देव चंद्राकर की धर्म पत्नी भगवती चंद्राकर एवं पिता गुरु छन्नु लाल चंद्राकर को स्मृति चिन्ह एवं गमछा श्रीफल से सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में हेमलता चंद्राकर, पूर्व जनपद सदस्य वाणी तिवारी, पंच सरस्वति साहू, पूर्व पंच पिंगला चंद्राकर, सुलेना चंद्राकर, गोमती चंद्राकर विराजमान रहे। कार्यक्रम में उपसरपंच हुलसी चंद्राकर, पूर्व जनपद सदस्य वाणी तिवारी, कृर्ति साहू, मीनाक्षी यादव, सरिता देवांगन, दीप्ति चंद्राकर, लक्ष्मी चंद्राकर, दिव्यांशु चंद्राकर, छोटू चंद्राकर, गजानन चंद्राकर, हेमंत चंद्राकर का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में तारा साहू, रूखमणी साहू, दुलेश्वरी चंद्राकर, फूल बाई देवांगन, कृष्ण साहू, हटयारिन धीवर आदि मौजूद रहे।

### फाइनल मैच में कुंभली पाटन विजेता, मैन ऑफ द मैच रहे घनश्याम

**सरायपाली।** विखं के दमोदरहा पंचायत के आश्रित ग्राम कोकड़ी में संभाग के सबसे बड़े टेनिस बॉल टूर्नामेंट अंतरराज्यीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन सात दिनों तक किया गया। जिसमें 10 राज्यों के खिलाड़ियों ने 24 टीमों की ओर से भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतिम दिवस में स्टार 11 लखननपुर (रायपुर), ब्रदर्स 11 भाटापारा, एमएमसीसी संबलपुर, कुम्भली 11 पाटन दुर्ग के मध्य सेमीफइनल के मैच हुए। जिसमें जीत दर्ज कर ब्रदर्स 11 भाटापारा और कुंभली 11 पाटन दुर्ग के मध्य मेगा फाइनल का मैच हुआ। फाइनल मैच में विजेता कुम्भली 11 पाटन दुर्ग की टीम रही एवं उपविजेता भाटापारा की टीम रही।

फाइनल मैच में मैन ऑफ़ द मैच घनश्याम वर्मा कुम्भली जिन्होंने 22 गेंदों में 86 रन बनाए एवं मैन ऑफ़ द सीरीज भी घनश्याम वर्मा कुंभली रहे। विजेता टीम को 111111 रुपए एवं उपविजेता टीम को



55555 रुपए की राशि एससीसी कोकड़ी की ओर से प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रकुमार पटेल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरायपाली रहे। अध्यक्ष जलंधर प्रधान, विशिष्ट अतिथि गुंजन अग्रवाल, स्वर्णसिंह सलूजा, लक्ष्मीशंकर दीवान, शंकरलाल नायक, ओमप्रकाश साव, युवराज सिदार एवं समस्त पंचगण रहे। एससीसी के संयोजक प्रकाशचंद्र मांझी ने बताया कि किस तरह से विपरीत परिस्थितियों में इस आयोजन को सफलता मिली है और आगे किस तरह से इसे और बढ़ाया जा सके। अंतिम दिवस लगभग 10 हजार से अधिक की संख्या में दर्शक दूर दराज से पहुंचे थे, जिन्होंने एक साथ राष्ट्रगान कर एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया। वही ओडिशा से आए डांसिंग अंपायर द्वय और रोमांच का दर्शकों ने भरपूर मनोरंजन किया। आयोजन को सफल बनाने में एससीसी के समस्त सदस्यों, कोकड़ी के सभी ग्रामीणजनों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन ऋषि प्रधान एवं वरिष्ठ कमेंटेटर देव चौहान ने किया।

# सनातन संस्कृति की रक्षा करना हम सबका कर्तव्य : अमृतानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

इमलीभाठा, अयोध्या नगर में प्रभात फेरी के दौरान अमृतानंद महाराज बर्फानी बाबा बद्रीनाथ धाम का सानिध्य प्राप्त हुआ एवं विशाल संख्या में बाबा का दर्शन लाभ एवं आशीर्वाद प्राप्त करने श्रद्घालुओं का तांता लगा रहा है। ज्ञातव्य हो कि रानी लक्ष्मी बाई बस्ती (इमलीभाठा, अयोध्या नगर) में प्रतिदिन राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रतिदिन भव्य प्रभात फेरी निकाली जा रही है। बस्ती प्रमुख विजय चंद्राकर, टेकराम सेन, धर्मेंद्र महोबिया के नेतृत्व में लगातार जनमानस का सैलाब उमड़ रहा है। इस अवसर पर बद्रीनाथ धाम से पधारे अमृतानंद महाराज ने श्रीराम के प्रति भक्ति और अनुराग को देखकर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति एवं धर्म की रक्षा करना हम सबका दायित्व है। उन्होंने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि सदैव सत्कर्मों पर चलकर अपने जीवन को सफल करें। क्योंकि, हम जैसा कर्म करते हैं उसे इसी जीवन में भोगना ही पड़ता है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर को बड़े उत्साह में परिणित कर एक बार पुनः दीवाली मनाएं। प्रभात फेरी के दौरान जगह-जगह बर्फानी बाबा की आरती एवं अभिनंदन करते हुए



आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत सह कार्यवाह घनश्याम सोनी, योगाचार्य तिलक साव, विश्व हिन्दू परिषद के प्रांतीय प्रमुख धर्मेंद्र महोबिया, सनातन संस्कृति की रक्षा में अग्रसर एमआर विश्वनाथ, सर्व समाज के प्रांताध्यक्ष डॉ संजीव कर्माकर, पार्षद देवीचंद राठी का भी उद्बोधन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से विजय चंद्राकर, टेकराम सेन, सुजाता विश्वनाथन, देवीचंद राठी, गिरिजाशंकर चंद्राकर, जगदीश साहू, पप्पू ठाकुर, संध्या साहू, सविता चंद्राकर, राजेश सोनी, हनीश बग्गा, माखन पटेल, बोटलाल पटेल, सीमा सेन, जीआर सोरी, राखी शर्मा, रमेश पंचेश्वर, महावीर पवार, योगेश कश्यप, नारायण चंद्राकर, अजय शर्मा, राजेश डड़सेना, राधेश्याम सोनी, हिरेंद्र साहू, दीपक देवांगन, राधेश्याम, गोवर्धन साहू, जया वर्मा, कविता चंद्राकर, लक्ष्मी ठाकुर, मंदाकिनी ठाकुर, मोनिका भोई, उर्मिला कश्यप, कमला पंचेश्वर, ज्योति पवार, उमा देवांगन, स्मिता सैनिक, चंद्रकला निर्मलकर, वेणु गोपाल, त्रिवेणी चंद्राकर, मुकेश गुप्ता, नंद कुमार देवांगन सहित इमलीभाठा, अयोध्या नगर के रामभक्त उपस्थित थे। उक्त जानकारी देते हुए टेकराम सेन ने बताया कि 22 जनवरी को सभी मंदिरों में भजन कीर्तन प्रसाद वितरण के साथ राधाकृष्णा मंदिर इमलीभाठा में मुख्य समारोह होगा। दिनभर भजन कीर्तन व भंडारा का आयोजन होगा।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153, 4074154
8817428621, 6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### संकुल स्तरीय नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का प्री टेस्ट हुआ

**महासमुंद।** शिक्षक विनय कुमार यादव ने बताया बच्चों को नवोदय विद्यालय में चयन के लिए संकुल के शिक्षकों के साथ मिलकर अपने अपने विद्यालय में निरंतर प्रयास कर रहे हैं। संकुल भवन छपोराडीह में संकुल स्तरीय नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा फ्री टेस्ट परीक्षा 2024 का आयोजित किया गया। जिसमें संकुल आश्रित एवं निकट के विद्यालयों के बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया। बच्चे प्री टेस्ट दिलाकर उत्साहित नजर आए। उक्त परीक्षा के लिए प्रश्न पुस्तिका एवं ओएमआर शीट शिक्षक विनय कुमार यादव द्वारा तैयार किया गया। संकुल स्तरीय नवोदय प्री टेस्ट परीक्षा के सफल संचालन में शिक्षक फागू लाल पटेल, धर्मेंद्र ध्रुव, देव कुमार चंद्राकर, मोहम्मद शाहिद कुरैशी, मोहित चंद्राकर, शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### प्रवासी भारतीय दिवस पर उपसरपंच का सम्मान



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में प्रवासी भारतीय दिवस पर उपसरपंच हेमलता चंद्राकर का सम्मान किया गया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भारत के विकास में प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान को चिह्नित करने के लिए हर साल 9 जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस मनाया जाता है। इस दिन महात्मा गांधी ने 9 जनवरी 1915 में दक्षिण और अफ्रीका से भारत लौटे थे।

### साक्षरता, पौधरोपण एवं साफ-सफाई के लिए किया जागरूक

**महासमुंद।** श्याम बालाजी महाविद्यालय / श्याम उच्च माध्यमिक विद्यालय का ग्राम कौंदकेरा में सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित की जा रही है। शिविर के तीसरे दिवस स्वयं सेवकों द्वारा प्रातः 5 बजे प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें साक्षरता, वृक्षारोपण एवं साफ सफाई के लिए लोगों को जागरूक किया गया। पश्चात मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए योग एवं शारीरिक प्रशिक्षण दिया गया। दोपहर में बौद्धिक परिचर्चा हुई। इसमें में नवकिरण अकादमी के समन्वयक ईश्वर चंद्राकर ने युवा खेल शक्ति पर अपने विचार रखे। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने को प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन दिए। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने देशी खेल का आयोजन कराया गया। तत्पश्चात ग्रामवासियों के समक्ष नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई।

### छात्रों ने किया खुंटाघाट जलाशय व रतनपुर का शैक्षणिक भ्रमण



**सरायपाली।** रामचंडी महाविद्यालय बगईजोर के नेतृत्व में विज्ञान विभाग द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को प्राचीन खूंटाघाट जलाशय एवं छत्तीसगढ़ के पुरातात्विक महामाया मंदिर रतनपुर का भ्रमण कराया गया। छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ के प्राचीन एवं धार्मिक स्थलों की जानकारी प्रदान की गई व छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक धरोहर को जानकर छात्र-छात्राओं गौरवान्वित महसूस किए। जिसमें विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शबनम खातून, प्रवेश प्रधान (जंतु विज्ञान), भरत प्रधान (हिंदी भाषा), नीलिमा प्रधान(गणित), अजय साहू (भौतिकी) एवं सागर वर्मा (रसायनशास्त्र) के मार्गदर्शन में शैक्षणिक भ्रमण किया।

# भाई-बहन की तरह मिलकर करेंगे राशि और योगेश्वर शहर का विकास

## नवनिर्वाचित विधायक के पालिका आगमन पर हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का सोमवार को नगर पालिका कार्यालय परिसर और सभाकक्ष में नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग व पार्षदगणों द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक सिन्हा ने महासमुंद के साथ नगर में चहुमुंखी विकास को अपनी पहली प्राथमिकता में होना बताया। पालिका की ओर से कार्यालय में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में पहुंचे विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का कार्यालय के प्रवेश द्वार में राशि त्रिभुवन महिलांग व पार्षदों ने बुके भेंट कर स्वागत किया। बाद कार्यालय परिसर में कर्मचारियों ने उनका पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। नपाध्यक्ष सभाकक्ष में उन्होंने शहर में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी ली।

उन्होंने नपाध्यक्ष राशि महिलांग को भरोसा दिलाया कि वे दोनों भाई-बहन की तरह मिलकर एक साथ महासमुंद शहर और पालिका की विकास को गति देंगे और कार्यों को पूरी प्राथमिकता के साथ पूरा करेंगे। शहर में नागरिकों की सभी सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

### यह भी रहे इस दौरान मौजूद

इस दौरान सीएमओ टॉमसन रात्रे, पूर्व नपा उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग, पार्षद पवन पटेल, सभापति बबलू हरपाल, मीना वर्मा, अमन चंद्राकर, मनीष शर्मा, राजू चंद्राकर, रिंकू चंद्राकर, महेंद्र सिक्का, बादल मक्कड़, कपिल साहू, गोलू मदनकार, विजय साव, महेंद्र जैन, देवा नायक, अरिश अनवर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और पालिका के अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।



### उपहार में मांगा महासमुंद निगम

नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से उनकी जीत के लिए महासमुंद नगर पालिका को निगम बनाकर उपहार में देने की मांग रखी। इसके अलावा शहर में प्रस्तावित करीब साढ़े 7 करोड़ के विकास कार्यों के प्रस्ताव को शासन से मंजूरी दिलाए जाने के साथ शहर में पूर्व प्रस्तावित नहर लिंक रोड को भी स्वीकृति दिलाए जाने की मांग रखी।

## चर्चा : श्रीराम मंदिर उद्घाटन दिवस को ऐतिहासिक बनाने हुई बैठक

# 22 को खत्म होगा 500 साल का इंतजार, फिर मनाएंगे दिवाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



श्रीराम मंदिर उद्घाटन दिवस को ऐतिहासिक दीपावली के रूप में मनाने एवं विधानसभा चुनाव की समीक्षा के लिए भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक सोमवार को विधायक डॉ संपत अग्रवाल के निज निवास नीलांचल भवन में आयोजित की गई। बैठक में भाजपा पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, बूथ प्रभारियों व बड़ी संख्या कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने कहा कि हम सभी के मेहनत एवं सहयोग से बसना विधानसभा में विधायक एवं छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनाने में कामयाब रहे। इस विधानसभा चुनाव में महतारी वंदन का महत्वपूर्ण योगदान है। जिसके बदौलत बड़ी संख्या मातृशक्तियों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। 500 वर्षों के बाद हमारे आदर्श भगवान श्रीराम का मंदिर बनकर तैयार हुआ है, जिसका उद्घाटन आगामी 22 जनवरी को होने जा रहा है। दीपावली वैसे तो हम सभी हर साल मनाते हैं, पर इस 22 जनवरी को 500 साल बाद फिर एक बार ऐतिहासिक दीपावली मनाएंगे। हम सभी को श्रीराम मंदिर उद्घाटन समारोह को लेकर उत्साहित एवं तैयार रहकर पूरे क्षेत्रवासियों को लाइव टेलीकास्ट दिखाने में योगदान देना है। आगामी लोकसभा चुनाव भी नजदीक आ रही है, इसलिए सभी को मिलकर प्रयास करते हुए 400 से ज्यादा सीट की पूर्ण बहुमत हासिल कर सरकार बनानी है। भाजपा सरकार में देश सुरक्षित है, भारत के दुश्मनों पर सर्जिकल स्ट्राइक हुआ, धारा 370 हटा, महिलाओं को राजनीति सहित हर क्षेत्र में 33 प्रतिशत का आरक्षण मिला। केंद्र की भाजपा सरकार से पूरा देश खुशहाल है।

इस मौके पर संभाग सह प्रभारी जगन्नाथ पाणीग्राही, जिलाध्यक्ष रुपकुमारी चौधरी, संयोजक एनके अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी, विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, बसना मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, पिथौरा मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल, पिरदा मंडल अध्यक्ष हरप्रसाद पटेल, सांकरा मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, गढफुलझर मंडल अध्यक्ष माधव साव, नगर पंचायत बसना उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि अभिमन्यु जायसवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष सतपाल सिंह छाबड़ा, भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मथामणि बढ़ाई, नवीन साव, सुवर्धन प्रधान, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष व जनपद सदस्य श्वेता अग्रवाल, प्रदेश मंत्री जसवंत कौर, जिला पंचायत सदस्य वृंदावती पांडे, महिला मोर्चा पिरदा मंडल अध्यक्ष बसंती प्रधान, महिला मोर्चा अध्यक्ष बिंदू नाग, रीता महंत, हरजिंदर सिंह, रैयदास गोयल, मन्नूलाल ठाकुर, सुरेंद्र प्रधान, भाजपा पदाधिकारीगण, बूथ प्रभारियों सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सेजेस बसना की टीम राष्ट्रीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के लिए बेंगलोर रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जिले के सेजेस बसना स्कूल की बारहवीं कक्षा की छात्रा वैतला साई प्रसन्ना, सानिया दानी और सहयोगी शिक्षिका संयुक्ता प्रधान 9 जनवरी 2024 को बैंगलोर की ओर रवाना हुए, जहां वे डेल टेक्नोलॉजी एवं नीति आयोग द्वारा आयोजित भारत के टॉप 30 शीप्रेन्योर प्रोजेक्ट के स्टूडेंट इंटर्नशिप प्रोग्राम में शामिल होंगे। पिछले दिनों इस स्कूल के छात्रों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट को नीति आयोग और अटल इनोवेशन मिशन ने टॉप 30 शीप्रेन्योर प्रोजेक्ट में शामिल किया। इस पर पूरी टीम को 10 जनवरी से 13 जनवरी 2024 तक बेंगलुरु में स्टूडेंट इंटर्नशिप प्रोग्राम में भाग लेने का आमंत्रण मिला है। इस शानदार मौके पर छात्राओं को टेक्नीशियन और मार्केटिंग गुरुओं के साथ प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जो उन्हें प्रौद्योगिकियों में सुधार करने और उनके प्रोजेक्ट की मार्केटिंग की गहराईयों को सीखने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा तथा उन्हें विभिन्न तकनीकी नौकरीयों में सफलता प्राप्त करने में मदद करेगा। इस प्रोजेक्ट ने न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी उच्च स्तरीय पहचान प्राप्त की है और इससे छात्राओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार में रुचि बढ़ाने का सुनहरा अवसर मिला है। टीम को एयरपोर्ट विदा करने गए प्रोजेक्ट के गाइड टीचर अजय कुमार भोई और व्याख्याता नंदकुमार ध्रुव ने हर्ष जताया। इस महत्वपूर्ण क्षण पर जिला शिक्षाधिकारी मीता मुखर्जी, सतीश नायर नोडल अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया, सेजेस बसना के प्राचार्य खिरोद्र पुरोहित, सुरेश कुमार पटेल प्राचार्य शाआउमावि ने भी हर्ष जताया है।

# 22 को अवकाश घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





अयोध्या में भगवान राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 22 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए महासमुंद जिले में भी सर्व समाज में अपार खुशी देखी जा रही है।

सांसद कार्यालय प्रभारी मोहन साहू एवं सांसद प्रतिनिधि पवन साहू ने 22 जनवरी के इस शुभ दिन को अवकाश दिवस घोषित करने की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। उन्होंने कहा कि भगवान राम हमारे आराध्य देव हैं। इसलिए यह महामहोत्सव है, जिसका आनंद केवल एक दिन में नहीं लिया जा सकता। यह ऐतिहासिक अवसर पर हमारी भावना है कि 20 जनवरी शनिवार से लेकर 26 जनवरी शुक्रवार तक रामलला की प्राण प्रतिष्ठा एवं गणतंत्र दिवस तक राष्ट्रीय महामहोत्सव सप्ताह के रूप में मनाया जाए। इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से 22 जनवरी को अवकाश दिवस घोषित किया जाए। साथ ही उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि 22 जनवरी को अपने आंगन, द्वार में दीपक जलाकर इस शुभ घड़ी का स्वागत दिवाली जैसे करें।

# साय कैबिनेट में धान की कीमत, गैस सिलेंडर और महिलाओं के लिए किए गए निर्णय का नहीं होना जनता के साथ धोखा : डॉ. रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार पर आरोप लगाते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि साय की मंत्रिमंडल की बैठक से प्रदेश की जनता मोदी की गारंटी को लागू होने की उम्मीद कर रही थी। प्रदेश में अभी धान खरीदी चल रहा है और किसान धान की कीमत 3100 रुपए प्रति क्विंटल एकमुश्त पंचायत भवन में मिलने का इंतजार कर रहे हैं। किसान 2 लाख रुपए तक कर्ज माफ होने, न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि जारी होने, महतारी वंदन योजना की 60 लाख फॉर्म भर चुकी महिलाएं 1000 रुपए महीना एवं प्रदेश के 73 लाख से अधिक परिवार 500 रुपए में रसोई गैस के सिलेंडर मिलने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन उनके हाथ निराशा ही लगी। भाजपा की सरकार ने आदतन प्रदेश की जनता के साथ एक बार फिर वादाखिलाफी की है।

डॉ रश्मि ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद आदिवासियों के भावनाओं के विपरीत हसदेव में जंगलों की कटाई हो रही है, जिसका पूरे प्रदेश में विरोध हो रहा है। प्रदेश की जनता ने उम्मीद किया था कि पहली कैबिनेट की बैठक में भाजपा की सरकार हसदेव में जंगल की कटाई रोकने पर कड़े फैसला लेगी। इस दिशा में कोई निर्णय नहीं करना भाजपा और अडानी के बीच के जंगल कटाई के अनुबंध को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि जांच के नाम पर सीबीआई की एंट्री साय सरकार की लाचारी को प्रमाणित करता है।

# श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर घर-घर पहुंचा रहे आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम बेमचा में श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में होने वाले रामलला के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण बेमचा के घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। प्रतिदिन 1 जनवरी से शाम 4 से 7 बजे ग्राम के प्रमुख स्थानों में विराजित देव मंदिरों में सभी समाज के श्रद्धालुओं को एकत्र कर कीर्तन भजन सत्संग आरती पूजा का क्रम चल रहा है। विजय महामंत्र राम जय राम जय जय राम एवं रामचंद्र कृपालु गज मनहरण भव भय दारुणम के पाठ के साथ प्रारंभ करते हैं। महिला मंडल द्वारा मेरे घर आएंगे राम भजन भक्ति भाव से प्रस्तुत किया जाता है। खंड प्रभारी द्वारिका चंद्राकर व रमेश चंद्राकर द्वारा संक्षिप्त जानकारी दी जा रही है। 22 जनवरी को प्रातः 11 से 1 बजे से ग्राम के गोवर्धन पहाड़ के नीचे प्राण प्रतिष्ठा समाज को दिखाएंगे। 2 बजे भोजन प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। शाम को प्रत्येक घर में दीपक जलाकर दीपावली जैसा उत्सव मनाएंगे। शाम 8 से 10 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम में द्वारिका चंद्राकर, रमेश चंद्राकर, भगत गुरुजी, भोला चंद्राकर, रविकांत चंद्राकर, रामचंद्र विश्वकर्मा मनोज कहार, रामटहल निषाद, श्यामू, भारत निषाद नरोत्तम साहू, कुबेर ।महिला टीम से भोजा साहू, पूर्णिमा साहू, द्रोपती साहू, नीरा, उषा साहू आदि का सहयोग रहा ।यह उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

## डामरीकरण कार्य का लिया जायजा...



**महासमुंद।** शहर के सिविल लाइन रोड, गांधी चौक, महामाया मंदिर से माकडे दुकान तक सड़क में चल रहे पेंच वर्क व डामरीकरण कार्य का सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ठेकेदार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# नगर में सर्व समाज समन्वय महासभा का सम्मेलन आज

**महासमुंद।** सर्व समाज समन्वय महासभा छत्तीसगढ़ द्वारा 10 जनवरी को छत्तीसगढ़ प्रांत सर्व समाज महासम्मेलन का आयोजन किया गया है। उक्त महासम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य नई सरकार अपेक्षाएं एवं विकास कार्यों पर परिचर्चा आयोजित होगी। जिसमें सभी समाजों के प्रदेश एवं जिला अध्यक्ष विचार रखेंगे। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजीव कर्माकर ने बताया कि सम्मेलन के माध्यम से समाज प्रमुखों के विचारों पर चिंतन एवं मंथन से जो सारगर्भित बातें आएगी, उसे प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री छग सरकार को प्रेषित की जाएगी। ताकि, उन्हें सामाजिक आवश्यकताओं के लिए दिशा निर्देश एवं सुझाव प्राप्त हो सके एवं सामाजिक आवश्यकतानुसार विकास कार्यों को परिणित किया जा सके।कार्यक्रम में अध्यक्षता आरपी भतपहरी प्रदेश अध्यक्ष प्रगतिशील सतनामी समाज करेंगे। मुख्य अतिथि के रुप में शिवशंकर पटनायक राष्ट्रीय व्यक्तित्व होंगे। कार्यक्रम सभी समाज के अध्यक्षगण, प्रतिनिधि मंडल एवं सामाजिकजन उपस्थित होंगे। संपूर्ण कार्यक्रम के संयोजक एसआर बंजारे, सह संयोजक प्रताप मोहंती, विपिन शर्मा, विजय बंजारे, दिनेश बंजारे, विनोद भारती, विश्राम ठाकुर, विनोद यादव उपस्थित होकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। सर्व समाज की ओर से सेन समाज के प्रदेश प्रतिनिधि एवं समन्वयक टेकराम सेन ने सभी समाज प्रमुखों से 10 जनवरी को होटल अकाशिया स्टेशन रोड महासमुंद में 11 बजे उपस्थित होने की अपील की है।

## 67 साल के मुकाबले मोदी के साढ़े 9 सालों में ही देश का कर्ज बढ़ा

# मोदी राज में किसान बदहाल, बेरोजगारी दर बढ़ी: विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



केंद्र सरकार की आधिकारिक वेबसाइट पर मोदी सरकार के कार्यकाल में 2023 तक भारत की ऋण स्थिति को पूर्व संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने चिंताजनक बताया है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने वो कीर्तिमान स्थापित किया है, जो इस देश के 14 प्रधानमंत्री उनसे पहले नहीं कर पाए। देश के 14 प्रधानमंत्रियों ने 67 साल में कुल 55 लाख करोड़ रुपए का कर्ज लिया। इसके विपरित हर बार रेस में आगे रहने की चाहत वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 से अब तक साढ़े 9 सालों में हिंदुस्तान का कर्ज चार गुना कर दिया। लगभग 150 लाख करोड़ से ज़्यादा का कर्ज उन्होंने मात्र साढ़े नौ साल में लिए। 2014 तक भारत पर 55 लाख करोड़ रुपए का कर्ज था जो अभी 205 लाख करोड़ तक जा पहुंचा है। चंद्राकर ने देश में बेरोजगारी दर के उच्चतम स्तर पर पहुंचने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और दावा किया कि प्रधानमंत्री के रूप में उनकी स्थायी विरासत रिकॉर्ड बेरोजगारी है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का बढ़ता आर्थिक संकट नियंत्रण से बाहर होता जा रहा है। मंदी और महंगाई के बीच मोदी सरकार ने करोड़ों युवाओं को भटकने पर मजबूर कर दिया है। भारत में मोदी निर्मित आर्थिक संकट नियंत्रण से बाहर होता जा रहा है। सीएमआईई के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में बेरोजगारी दर अब 10% से ऊपर है। चंद्राकर ने देश में कृषि विकास दर पर कहा कि कृषि अर्थव्यवस्था देश की रीढ़ है, लेकिन मोदी सरकार के किसान विरोधी नीतियों के चलते किसान लगातार बदहाल होते जा रहे हैं। कृषि उपकरणों पर भारी भरकम जीएसटी, डीजल पर सेंट्रल एक्साइज, खाद-बीज, दवा महंगी कर दी गई। और तो और जो यूरिया यूपीए सरकार के दौरान 50 किलो प्रति बोरी आती थी, उसे घटाकर 45 किया और अब 40 किलो कर दिया गया। 5 जनवरी 2024 को इस आशय का आदेश भी केंद्रीय मंत्रालय द्वारा जारी किया गया है। इससे किसानों के हिस्से के यूरिया में 5 किलो की कटौती होगी। खाद सब्सिडी विगत बजट के मुकाबले इस बजट में सीधे 35 हजार करोड़ रुपए कम कर दिया गया। देश में महंगाई वैश्विक महंगाई दर की तुलना में अधिक है। देश के संसाधन, सार्वजनिक उपक्रम और नवरत्न कंपनियों को भी केवल अडानी, अंबानी जैसे औद्योगिक मित्रों के मुनाफे के लिए उपयोग किया जा रहा है। चंद्राकर ने कहा कि देश में भुखमरी ग्लोबल इंडेक्स में 55 वे स्थान से नीचे खिसक कर 192 वें स्थान पर आ गया है। मोदी सरकार के आंकड़ों में ही 137 करोड़ की आबादी में 81 करोड़ से अधिक जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे है, अर्थात मोदी राज में देश की कुल आबादी में 60 प्रतिशत जनता गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने मजबूर हैं। मोदी सरकार का फोकस केवल चंद पूंजीपति मित्रों के हित में है। आम जनता और देश की अर्थव्यवस्था से इनका कोई सरोकार नहीं है।

